# राजस्व मंत्री 31 जुलाई को करेंगे विविध विकास कार्यो का भूमिपूजन

## ( 03 वार्डो को मिलेगी 01 करोड़ 58 लाख रू. के विकास कार्यो की सौगात)

कोरबा 30 जुलाई 2019 – प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुर्नवास, वाणिज्यिक कर (पंजीयक एवं मुद्रांक) मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 31 जुलाई बुधवार को नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगे, भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की जाएगी, इस दौरान उनके द्वारा वार्ड क्र. 21, वार्ड क्र. 24 एवं वार्ड क्र. 31 में 01 करोड़ 58 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया जाएगाा। पहला कार्यक्रम बुधवारी बाजार में प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया है।

निगम के कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा 31 जुलाई बुधवार को निगम के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की जाएगी तथा निगम के सभापति, एम.आई.सी. सदस्यगण व वार्ड पार्षदगण भूमिपूजन कार्यक्रम में अपनी विशिष्ट उपस्थिति प्रदान करेंगे। उन्होने बताया कि प्रातः 11 बजे बुधवारी बाजार में भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इसी प्रकार प्रातः 11.30 बजे वार्ड क्र. 24 स्थित अटल आवास के समीप तथा दोपहर 12.30 बजे बजरंग चौक खरमोरा में भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे इन भूमिपूजन कार्यक्रमों में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करें।